

शासकीय जमीनों को सुरक्षित रखना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए

बंद कमरे में हो जाती है आंख मूंद कर फर्जी रजिस्ट्री और फिर बन जाते हैं भवन

नवभारत न्यूज

मैहर 4 मई, नवागत कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी मैहर में पदभार ग्रहण करने से पहले ही अपने इरादे साफ कर दिए थे कि किसी तरह के नैतिक कार्य बर्दाश्त नहीं होंगे।

शहर को सुंदर स्वच्छ वातावरण देना मेरा पहला लक्ष्य होगा इसके साथ ही अपनी कार्य कुशलता और बेहतर काम करने के लिए जाने जाने वाली कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी के लिए अब मैहर जिले में एक बड़ी समस्या मुंह बाए खड़ी है जिसमें मैहर जिले के साथ-साथ मैहर विधानसभा के अंतर्गत कई सारी सरकारी भूमियों की खरीदी बिक्री जोरों पर चल रही है । बताया जा रहा है कि इन दिनों इतना ही नहीं रजिस्टार ऑफिस में इन जमीनों की रजिस्ट्री आंख मूंदकर कर दी जाती है ना ही खसरे जांचे जाते हैं ना ही मौके पर जमीन की फोटो खींची जाती है ।मोबाइल ऐप के माध्यम से फोटो खींचकर आ जाती है और बंद कमरे पर रजिस्टार महोदय रजिस्ट्री कर देते हैं उसके बाद सरकारी जमीन में कोई कब्जा करें भवन बनाएं होटल बनाए और उसे बेचे वह भू माफिया के लिए बड़ा आसान हो जाता है क्योंकि ऐसी सरकारी जमीनों में नगर पालिका के कुछ कर्मचारी भी भवन बनाने की अनुमति बड़ी आसानी से दे देते हैं लेकिन इनका किसी सरकारी रिकॉर्ड में कोई उल्लेख नहीं होता या यूं कहें कि नगर पालिका द्वारा कोई स्वीकृति सरकारी दस्तावेजों पर नहीं मिलती लेकिन मौखिक निर्माण करने के निर्देश मिल जाते हैं जिसके कारण बड़िया आसानी से अवैध निर्माण हो रहे हैं । देखा जाए तो पूर्व में कई चतुर भूमाफिया अपने ही बाल बच्चों को भूमिहीन बता कर नगर पालिका या एसडीएम कार्यालय के माध्यम से पीले पट्टे हासिल कर लेते है फिर उसी के आधार पर उस सरकारी जमीन में कब्जा जमा लेते हैं इतना ही नहीं आज के समय में करो?ों रुपए की बेसकीमती सरकारी जमीनों पर आलीशान होटल भवन बना कर अब करोड़ों रुपए की बोली लगाकर इन भावनाओं को बेचने की तैयारी की जा चुकी है । देखा जाए तो सरकारी जमीनों को सुरक्षित रखने के लिए मैहर कलेक्टर के सामने एक बड़ा चैलेंज उभर कर आया है कि किस तरह भूमाफिया इन सरकारी दस्तावेज का उपयोग कर बड़ी आसानी से खसरा में अपने आपको भू स्वामी बता कर जमीन के मालिक बन गए । उनके दस्तावेजों की जांच की जाए तो पूरा मामला साफ हो जाएगा ।

प. बंगाल में जीत के बाद विधायक कार्यालय में मनाया गया जश्न

नवभारत न्यूज

मैहर 4 मई, पश्चिम बंगाल में मिली बंपर जीत की खुशी मैहर में भी देखने को मिली। मैहर विधायक कार्यालय में इस अवसर पर जोरदार जश्न मनाया गया, जहां कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उत्साह के साथ जीत का स्वागत किया।

विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की मौजूदगी में ढोल-नगाड़ों और पटाखों के बीच कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशियां मनाईं। कार्यालय परिसर भगवा झंडों और नारों से गूंज उठा। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकताह और स्थानीय लोग शामिल हुए, जिन्होंने एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी साझा की। बीजेपी विधायक व कार्यकर्ताओ ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और झालमुड़ी बांटकर खुशी साझा की ।

जश्न के मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा उपस्थित लोगों को ढालमूड़ी वितरित की गई। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा ।विधायक ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और पार्टी की नीतियों की जीत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह सभी मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे।

108 एंबुलेंस से बकरी चोरी का आरोप

नवभारत न्यूज

सतना 4 मई, रामपुर बाघेलान क्षेत्र बीदा गांव में सामने आई एक घटना ने पूरे सरकारी सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। आरोप है कि रात करीब 3 बजे शासकीय 108 एंबुलेंस का उपयोग मरीजों की जगह बकरियां ढोने में किया गया।

गरीब चरवाहे मुन्ना यादव की बकरियों को एंबुलेंस में लोड कर अमरपाटन की ओर भागने की बात सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार, जब उन्होंने हल्ला-गुहार लगाकर एंबुलेंस को रोकने की कोशिश की, तब भी चालक नहीं रुका और मौके से फरार हो गया।

यह घटना न केवल नियमों की खुली अनदेखी है, बल्कि आपातकालीन सेवाओं के दुरुपयोग का गंभीर मामला भी है। क्या अब सरकारी एंबुलेंस का इस्तेमाल इसी तरह होगा? क्या गरीबों की संपत्ति सुरक्षित नहीं है? बीदा पेट्रोल पंप सीसीटीवी कैमरे में भी दिख रही गाड़ी आने और जाने की। पीडति ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई का अनुरोध किया है।

बंगाल में सुशासन की ऐतिहासिक जीत : विक्रम सिंह

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 4 मई, रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे लोकतंत्र, विकास और सुशासन की जीत बताया है।

उन्होंने कहा कि यह विजय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है ।विधायक श्री सिंह ने अपने बयान में कहा कि बंगाल की जनता ने परिवर्तन का समर्थन करते हुए विकास, सुरक्षा और पारदर्शी शासन के पक्ष में जनादेश दिया है। यह जीत इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता अब तुष्टिकरण और अराजकता की राजनीति को नकारकर विकास और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की यह ऐतिहासिक सफलता पूरे देश के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और आने वाले समय में यह जनसमर्थन और भी सशक्त होगा। श्री सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को इस जीत के लिए बधाई देते हुए कहा कि हमें इसी ऊर्जा के साथ जनता की सेवा में समर्पित रहना है।

गैस संकट गहराया, उपभोक्ता परेशान

नवभारत न्यूज

कोटर 4 मई, जिले के रामपुर बघेलान क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत से उपभोक्ता भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। शादी-ब्याह के सीजन में गैस की कमी ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। सुबह से ही उपभोक्ता एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़े होकर धूप में सिलेंडर लेने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

इस गंभीर स्थिति को लेकर प्रदेश सचिव मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस शिवम पाण्डेय ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार आम जनता की बुनियादी जरूरतों की अनदेखी कर रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता सुबह से एजेंसी के बाहर बैठकर कैश सिलेंडर लेने के लिए इंतजार करते हैं, लेकिन व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। शिवम पाण्डेय ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल इस समस्या का संज्ञान लेकर गैस आपूर्ति को सुचारू बनाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो जनता के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि शादी-बरात के इस समय में गैस की किल्लत ने उनकी परेशानियां और बढ़ा दी हैं। कई परिवारों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक कार्रवाई करता है और लोगों को राहत मिल पाती है या नहीं।

बर्मन दंपति ने देहदान का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

नागौद 4 मई, हरदुआ मोहल्ला वार्ड क्रमांक 2 के निवासी सीताराम बर्मन पिता परमेश्वरदीन बर्मन दंपति ने मरणोपरांत मेडिकल कॉलेज सतना को शरीर दान करने का संकल्प लिया है।

श्री बर्मन व उनकी धर्मपत्नी का देहदान संकल्प लेने पर संत मोतीराम आश्रम की तरफ से पूज्य बाबा जी ने आशीर्वाद देकर मेमिन्टो, सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ एम एम पांडे , श्रीमती डॉ माया पांडे, जे पी निगम, राणा प्रताप सिंह, अतुल दुबे आदि ने इस नेक काम करने के लिए बर्मन दंपति को बहुत बहुत धन्यवाद दिया है।

चित्रकूट को वैश्विक पहचान दिलाने का संकल्प

- प्रधानाचार्य राघवेंद्र पांडेय सम्मानित,सनातन शोध संस्थान की गोष्ठी में केंद्र शासित प्रदेश व विश्व धरोहर बनाने की उठी मांग

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 4 मई, धर्मनगरी की पावन वायु में आनंद रिजॉर्ट के सभागार में एक ऐसा क्षण साकार हुआ, जब शिक्षा, संस्कृति और संकल्प एक सूत्र में पिरोए हुए प्रतीत हुए।

जिले को पुन: यूपी मेरिट में तृतीय स्थान दिलाने वाले बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर के कर्मनिष्ठ प्रधानाचार्य राघवेंद्र पांडेय का सनातन शोध संस्थान द्वारा शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। यह केवल सम्मान नहीं, बल्कि उस साधना का अभिनंदन था, जिसने चित्रकूट की गरिमा को पुन: प्रतिष्ठित किया। संस्थान के महासचिव संदीप रिछारिया ने अपने उद्बोधन में चित्रकूट की दिव्यता का स्मरण कराते हुए कहा कि यह भूमि केवल भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि सृष्टि के आदि स्वर की अभिव्यक्ति है, जहाँ मानव सभ्यता के प्रथम पदचिह्न अंकित हुए। त्रिदेवों द्वारा सेवित इस तपोभूमि को प्रशासनिक सीमाओं ने सीमित कर दिया है। अत: इसे प्रदेशीय बंधनों से मुक्त कर केंद्र शासित प्रदेश का स्वरूप देने और आराध्य श्री कामदगिरि को विश्व धरोहर घोषित कराने का संकल्प लिया गया है। उपाध्यक्ष आनंद सिंह पटेल ने कहा कि चित्रकूट को वैश्विक पहचान दिलाने का यह प्रयास अब जनचेतना का रूप ले चुका है और शीघ्र ही इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। वहीं उपाध्यक्ष डॉ. संतोष मिश्रा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल धरोहरों का संरक्षण नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को श्रीरामचरित के मानवीय आदर्शों से जोड़ना भी है।

हैंडपंप खराब होने से पीने के पानी का संकट

कोटर । ग्राम करही खुर्द में हैंडपंप काफी समय से खराब है इस कारण लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। पीएचई विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्रामीण पीने के पानी लिए भटक रहे हैं। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के बाद भी आज तक हैंडपंप का संधारण नहीं किया गया जिससे ग्रामीणों के सामने भीषण पीने के पानी का संकट है।

अतिक्रमण व अवैध कामों का अड्डा बनी सिंधी कैम्प सब्जी मंडी

नवभारत न्यूज

सतना, 4 मई. शहर के सिंधी कैंप स्थित सब्जी मंडी में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है।

मंडी में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है, जिससे स्थानीय व्यापारियों और ग्राहकों को रोजाना प्रतिदिन परेशानी झेलनी पड़ रही है।

यूरिनल के उपयोग पर लगते हैं 5 रुपए



रामविलास सोधिया ने बताया कि यहां पर सुलभ शौचालय नगर निगम द्वारा बनाया गया है जो कभी कभी खुलता है जब कभी खुलता है तो टॉयलेट करने के सुलभ शौचालय के कर्मचारी के द्वारा 5 रुपया मांगा जाता हैं वैसे इसमें टॉयलेट करने के कोई पैसे नहीं लगते है लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि हमे नगर निगम की तरफ से सैलरी नहीं मिलती है जिसके कारण हमे पैसे लेना पड़ता हैं

करीब 35 से 40 साल पुरानी इस मंडी में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव साफ नजर आता है। भीषण गर्मी के बीच जहां लोगों को पीने के पानी तक के लिए पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं, वहीं अव्यवस्थित पार्किंग, गंदगी और आवारा पशुओं का आतंक स्थिति को और भी खराब कर रहा है। मंडी में सब्जी व्यापारी सूरज प्रजापति नलियों मे कभी ऑटो और कभी इंसान घुस जाते हैं । पार्किंग बनाई गई है लेकिन उसमें कोई गाड़ी पार्क नहीं करता है ज्यादा तर लोग मंडी के अन्दर बाइक लेकर आ जाते है जिससे मंडी के अंदर काफी जाम लगता हैं इस भीषण गर्मी के बीच ठंडा पीने के लिए कोई व्यव्स्था नहीं है पानी खरीदना पड़ता है मंडी के छोटे व्यापारी आवारा पशुओं से काफ़ी परेशान है अगर कोई पशु एक बार दुकान में घुसता है तो काफी ज्यादा नुकसान करते है नगर निगम द्वारा कोई भी व्यवस्था नहीं दी जाती है और हमसे 6 महीने में 500 रुपए लिए जाते हैं या फिर एक दिन के 5 रुपए दुकान लगाने के लिए लिए जाते हैं। मंडी में सुबह 6 से 8 बजे तक मंडी में काफी भीड़ होती है। व्यवस्था न होने के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

खुलेआम पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली

मंडी में दो गेट बने हुए हैं और दोनों गेट पर कर्मचारी पार्किंग शुल्क वसूलने के लिए खड़े रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित है ।वाहन कहीं भी खड़े कर दिए जाते हैं और उनकी सुरक्षा की भी कोई गारंटी नहीं है, जिससे चोरी की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं।

एक नजर में

विजय यादव ने की कलेक्टर से मुलाकात

सतना । चित्रकूट विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष विजय यादव ने आज कलेक्टर डा. सतीश कुमार एस से सौजन्य मुलाकात किया। उल्लेखनीय है कि अभी तक चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सतना कलेक्टर थे।

मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व की जीत : मनीष

सतना . भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी मनीष तिवारी ने देश के तीन राज्यों बंगाल,असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड विजय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व, गृहमंत्री अमित शाह के रणनीतिक कौशल,भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और आमजनमानस के भाजपा पर अटूट विश्वास को दिया है । श्री तिवारी ने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी को एकतरफा हराना, असम में लगातार तीसरी बार जीतना और पुडुचेरी में सरकार बनाना आमजनों में भाजपा की विकासपरक, सर्वस्पर्शी और सेवामयी राजनीति का ही घोतक है ।

सब जूनियर वर्ग में 9 स्वर्ण, 1 रजत और 7 कांस्य जीते

सतना . मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन के तत्वावधान में इंदौर के राजेंद्र नगर स्थित इंदौर पब्लिक स्कूल के विशाल ऑडिटोरियम में आयोजित मध्य प्रदेश सब जूनियर, कैडेट एवं जूनियर स्टेट कराते चैंपियनशिप में सतना जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 9 स्वर्ण, 1 रजत एवं 7 कांस्य पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में जिले के कुल 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रथम दिन कैडेट (14-15 वर्ष) एवं जूनियर (16-17 वर्ष) वर्ग में 6 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर 3 स्वर्ण एवं 3 रजत पदक जीते। वहीं दूसरे और तीसरे दिन आयोजित सब जूनियर (14 वर्ष से कम) बालक एवं बालिका वर्ग में 12 खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

नईबस्ती में देव आवाहन के साथ गौमाता व प्रकृति पूजा हुई

सतना . तमसांचल युवा मंडल द्वारा नईबस्ती में युवा मंडल के संयोजक एवं श्रम कल्याण मंडल के सदस्य आचार्य विनोद द्विवेदी के निवास पर जगत कल्याण हेतु शंख घड़ियाल के साथ देव आवाहन कर, गौ माता, तुलसी माता पूजा कर प्रकृति पूजा विधि विधान से की गई। आचार्य विनोद द्विवेदी ने बताया कि प्रकृति पूजा मानव जीवन प्रकृति के साथ समाजस्य बनाकर जीने की पुरानी एवं आज की वैज्ञानिक परंपरा भी है। हमारी गौमाता 33 कोटि देवी देवताओं के निवास के साथ स्वास्थ्य, आध्यात्मिक उन्नति, मानसिक शांति, पुण्य प्राप्ति की सर्वोत्तम स्रोत है।

मैहर में अवैध रेत उत्खनन पर 4 वाहन जब्त

नवभारत न्यूज

सतना, 04 मई. कलेक्टर विदिशा मुखर्जी के निर्देशानुसार अवैध खनन के खिलाफकार्यवाही करते हुए रामनगर एसडीएम एसपी मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने रामनगर क्षेत्र के ग्राम कुबरी में जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान टीम ने ग्राम कुबरी सहित आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त 4 वाहनों में एमपी 53 एचए 1712, एमपी 19 एचए 5662, एमपी 18 जेड 9333, एमपी 19 जेडएस 1264 को मौके पर पकड़ा गया। सभी वाहनों को तत्काल जप्त कर थाना रामनगर में खड़ा कराया गया। जप्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण तैयार कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। जांच दल में तहसीलदार रामनगर रोशनलाल रावत, सहायक खनिज अधिकारी आशुतोष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

गहोई वैश्य पंचायत के अध्यक्ष बने संजय, धीरेन्द्र सचिव

नवभारत न्यूज

सतना, 4 मई. गहोई वैश्य पंचायत सतना की आम सभा एवं निर्वाचन का आयोजन श्री राम सहाय बड़ेरिया चेरिटेबल ट्रस्ट धर्मशाला में हुआ।

पहले सत्र में हुई आम सभा में पंचायत अध्यक्ष संजय मोर ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल की गतिविधियों से समाज सदस्यों को अवगत कराया और समाज के प्रति आभार प्रकट किया। सचिव पीयूष गुप्त ने मंच का संचालन करते हुए आय व्यय सम्बन्धी बजट साझा किया, जिसे सर्व सम्मति से पारित कर दिया गया। महिला मंडल अध्यक्ष ममता मोर ने भी अपने कार्यकाल की गतिविधियां बताते हुए सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं चुनाव अधिकारी ओंकार नाथ सरावगी, डॉ. भरत खैरा की मौजूदगी में पंचायत एवं महिला मंडल अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा कर दी। नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू कराई गई।

आम सभा में गहोई वैश्य पंचायत सतना की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया। इस पत्रिका के लेख प्रकाशन में अर्चना ब?रिया, विनोद कुचया, अहिल्या नीखरा का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा। पत्रिका में गहोई समाज की डायरेक्टरी भी बनाई गई है। संगठन की गरिमा एवं परंपरा के अनुरूप सर्व सम्मति से महिला मंडल में अध्यक्ष अर्चना ब?रिया, सचिव डॉली रावत, कोषाध्यक्ष शीतल कुचया को चुना गया। इसके बाद गहोई वैश्य पंचायत के लिए अध्यक्ष संजय ब?रिया, सचिव धीरेन्द्र अरूसिया, कोषाध्यक्ष दिनेश चउदा को बनाया गया। सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। आगामी समय में यह अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए समाज हित में कार्य करेंगे।

तीन राज्यों में ऐतिहासिक जीत पर भाजपा ने मनाया विजय उत्सव

- निकाली विजय रैली, फो? पटाखे, बांटी मिठाइयां*

नवभारत न्यूज

सतना, 4 मई. हाल ही में सम्पन्न हुये विधानसभा चुनावों में पं बंगाल, आसाम और पांडिचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने विजय रैली निकाल कर जिला भाजपा कार्यालय में फटाखे फो?कर और मिठाईयां बांट कर खुशी का इजहार किया !

इससे पहले भाजपा कार्यालय से एक विजय रैली निकाली गई जो रीवा रोड होते हुए पार्टी कार्यालय पहुंची जहाँ पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को बधाई दी साथ ही सभागार में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव उदबोधन भी सुना गया ! सतना सांसद गणेश सिंह ने पं बंगाल, आसाम और पांडिचेरी में मिली प्रचंड जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास और पार्टी कार्यकर्ताओं के संघर्ष की जीत है ! उन्होंने बंगाल की जीत को

ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आजादी के बाद हम वहां पर पहली बार सरकार बनाने जा रहे हैं यह देश की जनता का भाजपा के प्रति ब?ते विश्वास का प्रतीक है. भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे ने पं बंगाल सहित आसाम और पांडिचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर प्रशन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विजय आज की मेहनत का परिणाम नहीं है बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं के लम्बे समय के संघर्ष का परिणाम है ! उन्होंने बंगाल विजय को भाजपा की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है यह हम सबके लिए बेहद गर्व की बात है ! महापौर योगेश ताम्रकार ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी के कार्यकाल में आम जनता पर जो अत्याचार हुए है.

बंगाल में 'खेला' हो गया : गणेश

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद गणेश सिंह ने पश्चिम बंगाल के राजनीतिक हालात पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वहां की जनता ने अब परिवर्तन का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में विकास की जो धारा बह रही है, उसी पर विश्वास जताते हुए बंगाल की जनता ने भी समर्थन दिया है।